2021

HINDI — GENERAL

Paper : GE/CC-2

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) सूरदास की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ख) 'कवितावली' और 'गीतावली' के रचनाकार का नाम बताइए।

(ग) मीरा के आराध्य का नाम बताते हुए उनकी काव्यभाषा का नामोल्लेख कीजिए।

(घ) 'गागर में सागर' भरने वाला कवि किसे कहा जाता है और वे किस काल के कवि हैं?

(ङ) रसखान किस काल के कवि हैं? उनकी काव्यभाषा का नाम बताइए।

(च) कबीर भक्तिकाल की किस धारा का प्रतिनिधित्व करते हैं? उनकी भाषा क्या है?

(छ) किन्हीं दो कृष्णभक्त कवियों के नाम लिखिए।

(ज) 'विनय पत्रिका' के रचनाकार का नाम बताते हुए 'विनय पत्रिका' की भाषा का उल्लेख कीजिए।

(झ) 'भ्रमरगीत' किसकी रचना हैं? वे किस काल के कवि हैं।

(ञ) 'कहत नटत रीझत खीझत, मिलत खिलत लजियात — किस कवि की पंक्ति है? उनकी काव्यभाषा क्या है?

2. किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) कबीर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'सूरदास वात्सल्य का कोना-कोना झाँक आए हैं' — इस उक्ति को उदाहरणों द्वारा स्पष्ट कीजिए।

(ग) मीराबाई की भक्ति भावना का विश्लेषण कीजिए।

(घ) बिहारी की काव्यकला का वर्णन कीजिए।

(ङ) तुलसीदास की भक्ति भावना का सोदाहरण वर्णन कीजिए।

3. किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) कबीर की काव्यभाषा

(ख) तुलसी की भक्ति

(ग) प्रस्तुत पंक्तियों की व्याख्या कीजिए

या अनुरागी चित्त की गति समुझे नहिं कोइ।
ज्यौ-ज्यौ बूड़े स्याम रंग, त्यौ-त्यौ उज्ज्वल होय।

(घ) रसखान की भक्ति भावना

(ङ) मीरा का कृष्णप्रेम